Reg. No. : ....................................

Name : ..........................................

# SY-15

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION, MARCH 2022**

Part – III

**HINDI (Optional)**

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours

Cool-off time : 15 Minutes

*सामान्य निर्देश :*

- प्रश्न वाचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।
- स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।
- सूचना के अनुसार वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

**पार्ट - I**

(अ) **1** से **6** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **4** के उत्तर लिखें । प्रत्येक के लिए **1** अंक । **(4 × 1 = 4)**

1. 'साँप' किसकी कविता है ?

   (निराला, अज्ञेय, सच्चिदानंदन)

2. 'अलबम' किस विधा की रचना है ?

   (कहानी, कविता, निबंध)

3. क्रिया–विशेषण शब्द चुनकर लिखें ।

   (पास, साँप, अंधेरा)

4. अनुवाद किसे कहते हैं ?

5. संबन्धबोधक किसे कहते हैं ?

6. हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है ?

(आ) **सूचना : 7 से 10** तक के **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखें । प्रत्येक का **1** अंक । **(4 × 1 = 4)**

7. लिफ्ट में किसने सूचना टँगायी ?

(डाक्टरनी ने, सेठ ने, लेखक ने)

8. 'यात्रावृत्त' शब्द का अर्थ क्या है ?

(यात्रा के वृत्तांत, उपन्यास, जीवनी)

9. झगड़े में सिर फुड़वाकर कौन गालियाँ बकता है ?

(शराबी, डाकिया, लड़की)

10. रामदरश मिश्र की आत्मकथा का नाम क्या है ?

(सहचर है समय, पचास कविताएँ, मानसरोवर)

## पार्ट - II

(अ) **सूचना : 11 से 15** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें । प्रत्येक के **2** अंक । **(3 × 2 = 6)**

11. पुस्तक विक्रेता ने कहा, "वाह ! आप भी बड़े विचित्र जीव हैं । कल पुस्तक ली, दाम दिए और पुस्तक यहीं छोड़कर चलते बने ।" – 'मैं कुछ रुपए भी व्यय करने को प्रस्तुत सा हो गया' । लेखक ऐसा क्यों सोचता है ?

12. 'पंडित शादीराम ने कुछ परचे दिखाए । हरेक परचे में कई-कई सुन्दर और रंगीन चित्र थे ।' – परचे में क्या थे ?

13. 'अपनी प्रियपुत्री सरोजा की असामयिक मृत्यु पर निराला की हृदयभेदक व्यथा कविता के रूप में निकली' – सरोज स्मृति कविता की विशेषता क्या है ?

14. "हिन्दी के प्रचार के लिए भारत सरकार कई योजनाओं का कार्यान्वयन करती है – हिन्दी परीक्षाएँ चलायी जाती हैं और पढ़नेवालों को प्रोत्साहन दिया जाता है ।" – राजभाषा हिन्दी के प्रचार के लिए भारत सरकार ने क्या-क्या योजनाएँ बनायी हैं ?

15. "हिन्दी साहित्य का आधुनिक युग खड़ीबोली गद्य के विकास-संस्कार और विविध प्रयोगों का युग है ।" – अपना मत प्रकट करें ।

(आ) **सूचना : 16** से **18** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें । प्रत्येक के **2** अंक । **($2 \times 2 = 4$)**

16. 'यथार्थता, सरलता, सहजता, सरस भाषा शैली और रोचकता यात्रावृत्त के अनिवार्य गुण हैं ।' यात्रावृत्त के गुण क्या-क्या हैं ?

17. 'चरित नायक की विशेषता और सफलताओं का वर्णन जीवनी साहित्य में किया जाता है ।' जीवनी साहित्य की विशेषता क्या है ?

18. "सुबह, मैं अपने कान लगाता हूँ चिड़ियों का गान सुनने
पड़ोस के वार्ड में हृदय-रोगी की
आखिरी चीख मैं सुनता हूँ ।" – कवि को सुबह का अनुभव कैसा लगता है ?

## पार्ट - III

(अ) **सूचना : 19** से **23** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें । प्रत्येक के **4** अंक । **(3 × 4 = 12)**

19. निबंध साहित्य पर टिप्पणी लिखें ।

- सबसे विलक्षण और लचीली विधा
- बहुत कुछ विस्तारपूर्ण, किन्तु सीमित रचना

20. उपन्यास साहित्य पर एक खंड लिखें ।

- नॉवल शब्द का पर्याय
- मनुष्य के वास्तविक जीवन की काल्पनिक कथा

21. नीचे दी गयी सूचनाओं के आधार पर शादीराम की चरित्रगत विशेषताएँ लिखें ।

- निर्धन और दिल के अच्छे
- अपने यजमान का आदर करनेवाला

22. राजभाषा और राष्ट्रभाषा का अंतर लिखें ।

- पत्र व्यवहार की भाषा
- सबसे अधिक गौरवयुक्त भाषा

23. 'साँप' कविता के आधार पर नगरी सभ्यता और ग्रामीण सभ्यता में क्या-क्या भिन्नताएँ हैं ? एक खंड लिखें ।

- बाहरी आडंबर
- सादगी, अकृत्रिमता

(आ) **सूचना : 24** और **25** तक के प्रश्नों में से किसी **1** का उत्तर लिखें । **4** अंक । **(1 × 4 = 4)**

24. सही मिलान करें ।

| | | |
|---|---|---|
| (अ) विरोधाभास | – | व्यंग्य कहानी |
| (आ) नगर की नाक के नीचे | – | डायरी |
| (इ) वास्तव में घर एक पाठशाला है | – | व्याकरण |
| (ई) विस्मयादि बोधक | – | कविता |

25. आत्मकथा साहित्य पर एक टिप्पणी लिखें ।

- सच्चाई और ईमानदारी से वर्णन
- लेखक स्वयं प्रवक्ता

## पार्ट - IV

(अ) **सूचना : 26** से **29** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **3** के उत्तर लिखें । प्रत्येक के **6** अंक । **(3 × 6 = 18)**

26. मैंने उन्हें पर्दे की ओट से आखिर देख ही लिया और देखती ही रह गयी ........ रांगेय राघव से अपने मिलन के अनुभव के बारे में लेखिका अपनी सहेली से बातें करती है । यह वार्तालाप तैयार करें ।

- घर में मिलन
- असाधारण भव्य व्यक्तित्व
- राम की प्रतिमूर्ति

27. 14 सितंबर को आपके स्कूल में हिन्दी दिवस मनाने वाले हैं । इसके लिए एक पोस्टर तैयार करें ।

- हिन्दी का महत्त्व
- भाषा का प्रचार–प्रसार
- एकता का प्रतीक

28. खोई हुई पुस्तक लेखक को दूकान में मिली । इस घटना का वर्णन करते हुए लेखक अपनी डायरी में क्या-क्या लिखे होंगे ? उनके उस दिन की डायरी तैयार करें ।

- पुस्तक भूल जाना
- सभी जगह ढूँढ़ना
- पुस्तक मिलने की खुशी

29. जीवन वृत्त पढ़ें और सुदर्शन पर अनुच्छेद लिखें ।

| | | |
|---|---|---|
| वास्तविक नाम | – | बदरीनाथ |
| जन्म | – | 1896 सियालकोट |
| कालजयी रचनाएँ | – | हार की जीत, सच का सौदा, परिवर्तन, गुरु मंत्र, अंधकार |
| विशेषता | – | प्रेमचंद परंपरा के कहानीकार |
| निधन | – | 1967 |

(आ) **सूचना : 30** से **32** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें । प्रत्येक के **6** अंक । **(2 × 6 = 12)**

30. स्कूल में एन.एस.एस. के विद्यार्थियों द्वारा एक पुस्तक प्रदर्शनी चल रही है । इसके लिए एक विज्ञापन तैयार करें ।

- कई विधाओं की पुस्तकें
- बच्चे, बूढ़े सबके पसंद की पुस्तकें
- आकर्षक और कम दाम

31. खंड का हिंदी में अनुवाद करें ।

International Women's Day is celebrated on the 8th of March every year. It is a day that people around the world dedicated to the women in their lives. Women's Day celebrates the importance and significance of women in every person's life.

Person – व्यक्ति International – अंतर्राष्ट्रीय Significance – महत्त्व

32. नीचे लिखे खंड का संक्षेपण करें ।

नगर के मध्य में नाक की तरह खड़ी उस विशाल राउण्ड बिल्डिंग में रहने के लिए जब एक युवा डॉक्टरनी ने प्रवेश किया तो समूचे भवन में एक नयी जिन्दगी आ गयी । जो कभी दूसरे दिन भी शेव नहीं करते थे, वे नित्य शेव करने लगे । उस भवन में वह युवा डॉक्टरनी क्या आ गयी, मानो एक ऐसा दर्पण आ गया हो, जिसके सामने गुजरते वक्त, हर किसी का मन सजने–सँवरने के लिए ललक उठता है । यद्‌यपि उसे आए एक सप्ताह बीत चुका था लेकिन अभी तक भी उससे किसी ने मिलने–बोलने का साहस नहीं किया था । यह चुप्पी और भी न जाने कितने दिन चलती लेकिन इसी बीच एक अप्रत्याशित घटना घटी । एक दिन सुबह उठने पर, लोगों ने देखा, लिफ्ट में एक सूचना टंगी थी ।

## पार्ट - V

**सूचना :** **33** से **35** तक के प्रश्नों में से किन्हीं **2** के उत्तर लिखें । प्रत्येक के **8** अंक । **(2 × 8 = 16)**

33. नीचे दिये गये कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखें :

फिर आयी याद – "मुझे सज्जन
है मिला प्रथम ही विद्‌वज्जन
नवयुवक एक, सत्साहित्यिक
कुल कान्यकुब्ज, यह नैमित्तिक
होगा कोई इंगित अदृश्य,
मेरे हित है हित यही स्पृश्य
अभिनंदनीय ।" बँध गया भाव
खुल गया हृदय का स्नेह–स्राव

34. शादीराम जानता था कि यजमानजी झूठ बोल रहे हैं । परन्तु वे उन्हें पहले की अपेक्षा अधिक सज्जन, अधिक उपकारी और अधिक ऊँचा समझने लगे थे । इस विषय का वर्णन करते हुए पंडितजी अपने मित्र के नाम पर पत्र लिखते हैं । यह पत्र कल्पना करके लिखें ।

- अलबम सिरहाने पर देखना
- सेठ के प्रति बढ़ता आदर
- कर्ज न चुका सकने पर आत्मग्लानि
- सेठ के गुणों से प्रभावित

35. कहानी साहित्य पर एक लेख लिखें ।

- आकर्षक, रमणीय, प्राचीन साहित्यिक विधा
- आदिकाल में मौखिक रूप
- मनोरंजन का साधन
- साहित्य जननी